महत्वपूर्ण एवं खास

नशीली टेबलेट के साथ दो युवक गिरफ्तार, 411 नग कैप्सूल जब्त

रायपुर (आरएनएस)। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल 195 नग जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार चूम्मन पटेल थाना खमतराई जिला रायपुर (छ.ग.) 2. पप्पू ऊर्फ प्रकाश चौहान 26 वर्ष पिता रमेश चौहान निवासी आरबीएच कालोनी डब्ल्यूआरएस रायपुर व चुम्मन पटेल 26 वर्ष पिता तरूण पटेल भनपुरी कबीर आश्रम के पास थाना खमतराई निवासी को परिक्रमा पथ सुलभ के पास बुढापारा में नशीली कैप्सूल बेचे जाने की सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 411 नग कैप्सूल जब्त किया है। जब्त किए गए कैप्सूल की कीमत 2 हजार 6 सौ 72 रूपए बताया जा रहा है।

सड़क किनारे खड़े व्यक्ति की रोड एक्सिडेंट में इलाज के दौरान मौत, 304 ए के तहत जुर्म दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। सड़क किनारे खड़े व्यक्ति की रोड एक्सिडेंट में गंभीर रूप से घायल हो जाने के बाद इलाज के लिए डीकेएस अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उपचार के दौरान मौत हो जाने पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मर्ग कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार डीडी नगर थाना पुलिस ने अग्रवाल स्वीट्स के सामने डंगनिया में रोड एक्सिडेंट में घायल व्यक्ति को इलाज के लिये डीकेएस अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया था। इलाज के दौरान मृतक हेमंत तिवारी 45 वर्ष पिता काशीप्रसाद तिवारी निवासी ब्राम्हण पारा आजाद चौक की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए तहत मर्ग कायम कर अपराध दर्ज कर लिया है।

उधार में दिए रुपये मांगने पर घर बुलाकर महिला के साथ मारपीट, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। उधार में दिए रुपये को वापस मांगने पर घर के अंदर बुलाकर महिला ने मारपीट कर दांत से काटकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट मोवा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार नेवईभाठा शिवनगर थाना नेवई जिला दुर्ग निवासी कुमारी प्रिया पांडेय 21वर्ष पति कमलकिशोर पांडेय ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रेम नगर मोवा निवासी दुलारे अंसारी को दो लाख 61 हजार रुपये प्रार्थियां ने उधार में दिया था रकम वापस मांगने पर आरोपी की पत्नी कनिज फातिमा 22 वर्ष पति दुलारे अंसारी ने घर के अंदर बुलाकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारकर दांत से काट चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 324 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर मां बेटी को चाकू दिखाकर दिया जान से मारने की धमकी

रायपुर (आरएनएस)। शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर मां बेटी के साथ गालीगलौज कर चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दिये जाने की रिपोर्ट गोल बाजार थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार काशीराम नगर रायपुर निवासी सोफिया तंवर 22 वर्ष पति मोहम्मद इकबाल तंवर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि गुरुवार को शास्त्री बाजार बजरंग चौक मंदिर के पास मनोज तांडी पिता सानो तांडी ने प्रार्थियां एवं उसकी मां सोनवती से शराब पीने के लिए रुपये मांगा नहीं देने पर गाली गलौज करते हुए चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 एवं 294, 506, 327 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर दिया है।

इवेंट डांसर से गैंगरेप, 2 गिरफ्तार-2 फरार

» भिलाई में मुम्बई की मॉडल हुई हैवानियत का शिकार

भिलाई (आरएनएस)। हैदराबाद के बाद छत्तीसगढ़ के भिलाई में भी गैंग रेप की खबर सामने आई है पीड़ित मुंबई की एक डांसर ने इवेंट ऑर्गनाइजर समेत चार लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है।

दरअसल पीड़ित युवती मुम्बई की रहने वाली है और सामाजिक आयोजन में हिस्सा लेने भिलाई आई थी इवेंट ऑर्गनाइजर राज ने पीड़िता को आयोजन में डांस करने के लिए मुंबई से बुलाया था और भिलाई सुपेला के लैंडमार्क होटल में रखा था उसे रायपुर के एक कार्यक्रम में ले जाने के बहाने कुम्हारी के खार में ले जाकर अपने अन्य साथियों कमलेश,कबीर और सोनू के साथ मिलकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने आरोप लगाया है कि सभी आरोपियों ने उससे दुष्कर्म करने के बाद 50 हजार रुपये और मोबाइल भी लूट लिए। इसके बाद आरोपियों ने ही उसे एक हजार रुपये देकर टैक्सी से रायपुर भेजा और वहां से मुंबई चले जाने की धमकी दी पीड़िता रायपुर से वापस सुपेला लौटी और थाने में शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद पुलीस भी सख्ते में आ गई ततपरता दिखाते हुए पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, लूट और आपराधिक षड़यंत्र की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर दो आरोपियों राज और कमलेश को गिरफ्तार कर लिया है दो आरोपी अभी भी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है। उन दोनों की तलाश की जा रही है। पीड़िता से महिला पुलिस अधिकारी अन्य पूछताछ व घटना स्थल की जानकारी ले रहे है।

पूर्व मुख्यमंत्री, आईजी, एसपी सहित 7 के विरूद्ध थाने में शिकायत दर्ज

» पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने बासागुड़ा थाने दर्ज कराई शिकायत

जगदलपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बस्तर में सारकेगुड़ा फर्जी मुठभेड़ मामले में पूर्व सीएम रमन सिंह, मुकेश गुप्ता, तत्कालीन बस्तर आईजी लांगकुमेर, सीआरपीएफ डीआईजी एस. एलांगो, एसपी प्रशांत अग्रवाल, टीआई इब्राहिम खान और 190 सीआरपीएफ कोबरा जवानों के खिलाफ 17 पीड़ित परिवार ग्रामीणों ने बासागुड़ा थाने में शिकायत दर्ज करने का आवेदन दिया है। वहीं एसडीओ विनोद मिंज का कहना है कि इस मामले में शासन को पत्र भेजा जाएगा, जो निर्णय आएगा उसके बाद एफआईआर दर्ज करने के संबंध में समुचित व्यवस्था दी जायेगी।

सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार, सोनी सोढ़ी और वकील भी सारकेगुड़ा के ग्रामीणों के साथ बासागुड़ा थाने में सुप्रीम कोर्ट के दिए एक फैसले का तर्क देकर अभी एफआईआर दर्ज करने की मांग पर समाचार लिखे जाने तक मौजूद थे। ज्ञात हो कि जगदलपुर के सारकेगुड़ा गांव में 28-29 जून 2012 में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ बताते हुए जवानों ने 17 ग्रामीणों की हत्या कर दी थी, इस बात का खुलासा न्यायिक जांच आयोग ने किया है।

7 दिसम्बर सशस्त्र बल झण्डा दिवस के अवसर पर शहीदों के परिजनों का किया जाएगा सम्मान

रायपुर (आरएनएस)। सशस्त्र बल झण्डा दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ सैनिक कल्याण संचालनालय, रायपुर द्वारा 07 दिसम्बर, 2019 (शनिवार) को सुबह 11.30 बजे, अपने नए कार्यालय परिसर, डीकेएस सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल के पास, शास्त्री चौक, रायपुर में एक समारोह का आयोजन किया जा रहा है । इस समारोह में छत्तीसगढ़ के शहीदों की वीर नारियों और द्वितीय विश्व युद्ध के शहीदों की विधवाओं का सम्मान किया जाएगा । इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री सुब्रत साहू, प्रमुख सविच, गृह विभाग, छत्तीसगढ़ शासन होंगे और श्री सोनमणि बोरा, सचिव, राज्यपाल सचिवालय विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे । उल्लेखनीय है कि सशस्त्र झंडा दिवस पर जांबाज सैनिकों व उनके परिजनों के प्रति नागरिक एकजुटता प्रदर्शित के उद्देश्य से हर साल 7 दिसंबर को पूरे देश में मनाया जाता है । खासतौर से भारत की तीनों सेनाओं में यह दिन विशेष रूप से मनाया जाता है । 23 अगस्त 1947 को केंद्रीय मंत्रिमंडल की रक्षा समिति ने युद्ध दिग्गजों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए सात दिसंबर को झंडा दिवस मनाने का फैसला लिया था । तब से सात दिसंबर को हम अपने सैनिकों की सेवा को याद करते हुए इस दिन को मनाते है ।

इस दिन धनराशि का संग्रह किया जाता है । यह धन लोगों को झंडे का एक स्टीकर देकर एकत्रित किया जाता है । गहरे लाल व नीले रंग के झंडे के स्टीकर की राशि निर्धारित होती है । लोग इस राशि को देकर स्टीकर खरीदते हैं और उसे पिन से अपने सीने पर लगाते हैं। इस तरह वे शहीद या हताहत हुए सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करते हैं । जो राशि एकत्रित होती है, वह झंडा दिवस कोष में जमा कर दी जाती है । इस राशि का उपयोग युद्धों में शहीद हुए सैनिकों के परिवार या हताहत हुए सैनिकों के कल्याण व पुनर्वास में खर्च की जाती है। यह राशि सैनिक कल्याण बोर्ड की माध्यम से खर्च की जाती है। देश के हर नागरिक को चाहिए कि वह झंडा दिवस कोष में अपना योगदान दें, ताकि हमारे देश का झंडा आसमान की ऊंचाइयों को छूता रहे।

निशा तलमपल्ली ने जीता मिस इंडिया इंटरनेशनल 2019 का खिताब

» कर्नाटक की लड़की करती है भारत को गौरवान्वित

रायपुर (आरएनएस)। यह एक सपना सच होने का क्षण था जब निशा तलमपल्ली, जो कर्नाटक के धुमुसुर नामक एक छोटे से गाँव से ताल्लुक रखती थीं, उन्होंने मिस इंडिया इंटरनेशनल 2019 का ताज अपने नाम कर लिया। निशा के लिए यात्रा तब शुरू हुई जब उन्होंने इंडिया फैशन फिस्ता जीता, यह उनके लिए एक कदम था और मिस इंडिया इंटरनेशनल के लिए उनकी यात्रा वहाँ से शुरू हुई। वह उन भाग्यशाली प्रतियोगियों में से एक थीं जिन्हें 9 हजार उम्मीदवारों में से चुना गया था जिन्होंने मिस इंडिया इंटरनेशनल के लिए दाखिला लिया था। चयन के बाद उसने सफलतापूर्वक टेलीफोनिक साक्षात्कार को मंजूरी दे दी, जिसे हर्षिता ने लिया और एक घंटे तक जारी रखा। उसने आखिरी सवाल के लिए अपनी प्रतिक्रिया से साक्षात्कारकर्ता को प्रभावित किया, जहां पूछा गया कि क्या उसे चुना जाता है कि वह किस स्थिति में लक्ष्य बना रही होगी, उसने कहा, मेरे शरीर में रक्त और आत्मविश्वास दोनों समान रूप से मौजूद हैं और बह रहे हैं। मेरी यात्रा मिस इंडिया इंटरनेशनल 2019 के खिताब से कम नहीं होगी। फाइनल इंडोनेशिया में आयोजित किया गया था। प्रतियोगी 5 दिनों के लिए इंडोनेशिया के जकार्ता के मेरलिन पार्क में रुके थे। निशा के लिए 5 दिन रहता है कि वह जकार्ता में थी, अन्य प्रतियोगियों से भी

मिलने और सीखने का अवसर था। तेज बुखार होने के बावजूद, निशा ने अपना कुल 100 प्रतिशत प्रयास दिया, और उड़ने वाले रंगों के साथ सभी दौरों को साफ कर दिया। जूरी, जो सभी प्रतियोगियों को तेजी से देख रहे थे, अंत में मिस इंडिया इंटरनेशनल के सबसे प्रतिष्ठित खिताब के साथ मिस निशा तलमपल्ली को ताज पहनाया। निशा के लिए वे दिन अविस्मरणीय सुखद यादों की तरह हैं जिन्हें वह हमेशा के लिए संजोती है। कंपनी के सीईओ मिस गुड्डू रूपानी, और निदेशक रजत सुनेजा ने उन्हें अपनी यात्रा में पूरी तरह से प्रेरित किया। निशा ने आगे कहा, मिस इंडिया इंटरनेशनल 2019 का ताज लाखों महिलाओं का सपना है। मिस इंडिया इंटरनेशनल के ताज का दावा करने वाली अविश्वसनीय भारतीय महिला का सपना देश द्वारा देखा, सराहा और सराहा जाएगा। यह जीवन भर की मान्यता है। यह प्रसिद्धि और सफलता की दुनिया की यात्रा है और यह भारत के सुपर मॉडल 2020 के जज पैनल में होने के लिए गर्व का क्षण होगा।

पसान रेंज में हाथियों का उत्पात जारी

कोरबा (आरएनएस)। अगर समय पर ग्रामीणों ने सही निर्णय लेकर अपने घरों को नहीं छोड़ा होता तो यह काफी महंगा साबित होता। हाथियों ने पिछली रात उत्पात मचाने के साथ चार घरों को ढहा दिया। हमले में ये घर क्षतिग्रस्त हो गए। इस घटनाक्रम से लोगों के सामने अब रहवास की समस्या आ खड़ी हुई है। हाथियों के उत्पात से मनगांव सहित आसपास के इलाके में भय का वातावरण बना हुआ है।

वनमंडल कटघोरा में हाथियों का आतंक जारी है। गुरुवार की रात अचानक पहुंचे 30 हाथियों के दल ने भारी उत्पात मचाया। यहां चार ग्रामीणों के घरों को हाथियों ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के दौरान इन घरों में लोग नहीं थे। इसलिए अनहोनी नहीं हुई। दरअसल हाथियों का विचरण क्षेत्र में कुछ दिनों से जारी था। गुरुवार को क्षेत्र में उनकी लोकेशन मिल रही थी। इसलिए संबंधितों को यहां से सुरक्षित जगह पर चले जाने के लिए कहा गया था। वन विभाग की सलाह मानते हुए लोग अन्यत्र चले गए। इसलिए खतरे को भांपकर लोगों द्वारा लिया गया निर्णय सही साबित हुआ और उनकी जिंदगी बच सकी।

जानकारी मिली है कि मनगांव में घरों को क्षति पहुंचाने के साथ ही एक दर्जन से अधिक किसानों की फसल भी रौंद दीए जिससे संबंधितों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों के जल्क.तनेरा बीट के मनगांव पहुंचने और उत्पात मचाए जाने की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचने के साथ ही नुकसानी का सर्वे शुरू कर दिया है। प्रारंभिक तौर पर लाखों रुपए का नुकसान का अनुमान लगाया गया है। सूत्रों के मुताबिक जिस समय हाथियों ने गांव में उत्पात मचाया और घरों को तोड़ाए उस समय लोग सो रहे थे। हाथियों की क्षेत्र में पहुंचने की सूचना पर काफी लोग सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचे और अपनी जान बचाई। उधर पाली रेंज में भी 22 हाथी विचरण करते हुए जटगा के रास्ते बगदरा पहुंच गए हैं और फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने से ग्रामीण दहशत में हैं।

बलात्कारियों के खिलाफ हैदराबाद पुलिस की कार्रवाई जायज-अमित जोगी

रायपुर (आरएनएस)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने हैदराबाद पुलिस द्वारा महिला डाक्टर के साथ गैंगरेप कर उसकी हत्या करने वाले आरोपियों का एनकाउंटर करने की घटना को जायज बताया है। जोगी ने ट्वीट कर कहा है कि बलात्कारियों को मिली सजा जायज है और इसके लिए मैं हैदराबाद पुलिस की प्रशंसा करता हूं। जोगी ने कहा कि भारत की न्यायिक वितरण प्रणाली में लोगों के विश्वास को बहाल करने में हैदराबाद पुलिस ने सराहनीय काम किया है। उन्होंने कहा कि इन दरिंदों को गोली मार देना काफी नहीं है, बल्कि उनके शरीर के टुकड़े-टुकड़े करके कुत्तों को फेंक देना चाहिए।

आत्मसमर्पण के दो दिन बाद एक लाख का ईनामी नक्सली गायब

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। पिछले दिनों पोटली कैंप में एक लाख का इनामी नक्सली सन्ना हेमला आत्मसमर्पण के दो दिन बाद गायब हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार सन्ना हेमला की मानसिक स्थिति पहले से ठीक नहीं थी, जिसकी तलाश परिजन व पुलिस पतासाजी कर रही है। पुलिस के मुताबिक आत्मसमर्पण करने के पश्चात पुलिस लाइन में सन्ना हेमला को रखा गया था 03 दिसंबर को परिजन उससे मुलाकात करने पुलिस लाइन पहुंचे थे, जिसके बाद से ही आत्मा समर्पित नक्सली सन्ना हेमला गायब बताया जा रहा है। पुलिस का मानना था कि सन्ना हेमला परिजनों के साथ गांव वापस लौट गया है। परंतु जब गांव में पतासाजी की गई तो पता चला कि सन्ना हेमला गांव नहीं पहुंचा, जिसके बाद से परिजन व पुलिस उसकी तलाश में लगी है। इस मामले में दंतेवाड़ा एसपी डॉ.अभिषेक पल्लव का कहना है कि परिजनों की सूचना के पश्चात सन्ना हेमला की तलाश तेज कर दी गई है। सन्ना हेमला की फोटो सभी थानों में दे दी गई है व जिले के सभी थानों व कैंप में बता दिया गया है। रिश्तेदारों में भी तलाश किया जा रहा है, जल्द से जल्द उसे ढूंढ लिया जाएगा।

होटल का कर्मचारी व ड्राइवर कार लेकर फरार, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। होटल संचालक का ड्राइवर व कर्मचारी कार लेकर फरार हो गये। घटना की रिपोर्ट खम्हारडीह थाने में दर्ज की गई। मिली जानकारी के अनुसार नेताजी चौक कटोरा तालाब खम्हारडीह निवासी जितेंद्र चंदनानी 27 वर्ष पिता गोपी चंदनानी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी के होटल नेताजी का कर्मचारी विश्वजीत एवं ड्राइवर रंजन दोनों होटल से मिठाई कार में भरकर लाने ले जाने का काम करते थे। 4 दिसंबर को 2.20 बजे नेताजी होटल से मिठाई लेकर इको कार क्रमांक सीजी 04 ईसी 0422 में रखकर ड्राइवर व कर्मचारी गये हुये थे लेकिन दोनों के वापस नहीं आने पर मोबाइल फोन पर काल करने पर नंबर बंद बता रहा है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 407, 34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं मार्गदर्शन बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

पेंशनरों के 11 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

» शीघ्र निराकरण करने हेतु राज्यपाल ने राजभवन में वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ पेंशनर फेडरेशन का बैठक आयोजित करेंगे

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त फेडरेशन के अध्यक्ष एवं भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेन्द्र नामदेव के नेतृत्व में आज पेंशनरों के 3 संगठनों के संयुक्त प्रतिनधि मंडल ने आज दोपहर राज्यपाल अनुसुईया उइके से राजभवन में प्रत्येक्ष भेंटकर 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर पेंशनरों के हित में कार्यवाही करने का आग्रह किया। प्रतिनिधि मंडल ने फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव के साथ पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष गंगा प्रसाद साहू, छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष एएन शुक्ला, भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जेपी मिश्रा, अन्य आरसी पटेरिया, लोचन पाण्डेय, यशवंत देवान, आरके नारद, श्रीमती विद्यादेवी साहू तथा सुश्री कलावती पाण्डेय आदि शामिल थे।

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने प्रतिनिधि मंडल से सभी 11 सूत्रीय मांगों पर रूचि लेकर विस्तार से चर्चा की। लगभग 45 मिनट के चर्चा के दौरान राज्यपाल ने 19 वर्षों से लंबित मामले पर आश्चर्य जताते हुए मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य पूनर्गठन अधिनियम की धारा 49 को हटाकर आर्थिक स्वत्वों के बंटवारा करने और स्टेट बैंक ऑफ के भोपाल स्थित पेंशनर प्रोसेसिंग सेल की स्थापना पेंशनरों के हित में छत्तीसगढ़ राज्य में स्थापित करने के मामले पर त्वरित कार्यवाही करने का भरोसा दिया। इसी तरह अन्य सभी 11 सूत्रीय मांगों पर वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव अमिताभ जैन तथा महादेव कावरे संचालक कोश लेखा एवं पेंशनर के साथ छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर्स फेडरेशन के साथ राजभवन में शीघ्र मिटिंग कराकर सभी मुद्दों पर विस्तार से शासन के साथ चर्चा कराने का भी आश्वासन दिया गया।

फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल द्वारा राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके को सौंपे गये ज्ञापन में पेंशनरों की जिन मांगों का उल्लेख किया गया है वे इस प्रकार है। क्रमशः राज्य पुनर्गठन नियम के धारा 49 को हटाकर पेंशनरों के आर्थिक स्वत्वों का छग एवं मप्र के बीच बंटवारा किया जाए, भारतीय स्टेट बैंक भोपाल स्थित सेन्ट्रल प्रोसेसिंग सेल की स्थापना छत्तीसगढ़ राज्य में भी किया जाए ताकि छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को अपने पेंशन और डीए आदि के लिए भोपाल पर निर्भर न रहना पड़े।